सराहनीय कार्य
इटावा पुलिस
प्रेस नोट दिनांक 23.10.2024
#माँ बाप से बेहतर कोई नहीं
#ANGELS IN KHAKI
#GOOD COPS
#OPERATION MUSKAN
#OPERATION TRINETRA

इटावा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये अपने परिजनों से नाराज होकर घर से चले गये 03 नाबालिग बालकों को किया गया सकुशल बरामद ।
एसएसपी इटावा के निर्देशन में थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही ।
दिनांक 18.10.2024 को वादी द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर सूचना दी गयी कि उसका पुत्र नितिन पुत्र धर्मेन्द्र उम्र 16 वर्ष 2. अमित पुत्र दिनेश कुमार उम्र 12 वर्ष 3. शिवम कुमार पुत्र रघुवीर सिंह उम्र 12 वर्ष। कोचिंग की कहकर घर से निकले थे घर वापस नहीं आये। सूचना पर तत्काल थाना फ्रेण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 283/2024 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुये थाना फ्रेण्डस कालोनी से पुलिस टीमों का गठन किया गया एवं बच्चों की बरामदगी हेतु सोशल मीडिया पर सभी ग्रुपों एवं अन्य जगह पर फोटो प्रसारित किये गये। पुलिस टीमों द्वारा बालकों को ढूँढने का प्रयास किये जा रहे थे। *इसी दौरान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद में लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से एवं इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्य संकलित कर पुलिस टीमों द्वारा अथक प्रयास करते हुये 03 बालकों को सकुशल बरामद किया गया ।*
बालकों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम तीनों घर से नाराज होकर काम की तलाश में केरल, तमिलनाडु चले गये थे। अपने बालकों को सकुशल प्राप्त कर परिजनों द्वारा इटावा पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार वर्मा द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से यह अपील की गयी कि अगर माता-पिता किसी बात पर डाँट देते हैं तो इसका मतलब यह नहीं हम घर छोड़कर चले जाये अपने माता पिता का सम्मान करें तथा उनका कहना माने क्योंकि उनको आपके भविष्य की परवाह है और माँ-बाप से बढ़कर इस दुनिया में कोई नहीं है जब आप उनसे दूर होते हैं तब आपको उनकी कमी का अहसास होता है।

<u>बरामद बालकों का विवरणः-</u>

1. नितिन पुत्र धर्मेंद्र उम्र 16 वर्ष निवासी शिवपुरी शाला थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा।

2. शिवम पुत्र रघुवीर सिंह निवासी उम्र 12 वर्ष निवासी शिवपुरी साल थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा।

3. अमित कुमार पुत्र दिनेश कुमार उम्र 14 वर्ष निवासी शिवपुरी साल थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा।